देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन,
इंदौर – 452 001
दिनांक:– 16 OCT 2024

क्रमांक: गोपनीय/प्रायोगिक प./2024/88

प्रति,
प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या/निदेशक,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय
इन्दौर/धार/झाबुआ/खण्डवा/खरगोन/बड़वानी/बुरहानपुर/अलिराजपुर

विषय :–सत्र 2023–24 की बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर, एम.एड. द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित, भूतपूर्व एवं एटीकेटी प्राप्त विद्यार्थियों के सी.सी.ई./प्रायोगिक/प्रोजेक्ट/आंतरिक अंक के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय में निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि सत्र 2023–24 की बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर, एम.एड. द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित, भूतपूर्व एवं एटीकेटी प्राप्त विद्यार्थियों की आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा भौतिक रूप से उपस्थिति के साथ कराई जाना है। उक्त कक्षा के नियमित, भूतपूर्व एवं एटीकेटी प्राप्त विद्यार्थियों के सी.सी.ई/प्रायोगिक/प्रोजेक्ट/आंतरिक परीक्षा के अंक महाविद्यालयों द्वारा दिनांक **25/10/2024** तक एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से विश्वविद्यालय को भेजे जाने हेतु सूचित किया गया था। अब दिनांक **05/11/2024** तक अंक स्वीकार किये जा सकेंगे। उक्त दिनांक तक लिंक खुली रहेगी।

प्रायोगिक परीक्षा के नियुक्ति पत्र जारी कर दिये गये है। किसी परीक्षक के मना/असमर्थता व्यक्त करने पर विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग को सूचित करें अथवा विश्वविद्यालय की मेल आय.डी- soconf.1958@gmail.com पर सूचित करें। गोपनीय विभाग को सूचित किए बिना अपनी मर्जी से परीक्षक बदलने पर परीक्षा निरस्त की जावेगी।

अतः सुनिश्चित कर लेवे कि सभी कक्षाओं के सी.सी.ई./प्रायोगिक/प्रोजेक्ट के अंक एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आवश्यक रूप से उक्त दिनांक तक जमा किये जा सकेंगे। उक्त समयावधि में उपरोक्त कार्य सम्पन्न किया जाना है। साथ में कॉलेज के अधिकृत व्यक्ति का फोन नम्बर तथा ई–मेल आय.डी. भी प्रायोगिक परीक्षा सेल देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, खण्डवा रोड इन्दौर को ई–मेल आय.डी. opcdavv@gmail.com पर ई–मेल करे। ऑनलाईन पर अंक प्राप्त नहीं होने पर विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रूकने की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।

अंकों की एक प्रति (हार्ड कापी) भी विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर सेंटर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, खण्डवा रोड, इन्दौर पर आवश्यक रूप से प्रेषित किये जाना हैं। लिफाफे के ऊपर प्रायोगिक/आंतरिक परीक्षा अंक अंकित होना चाहिये।

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन क्रमांक/गोपनीय/प्रायोगिक प./2024/88

दिनांक :– 16 OCT 2024

प्रतिलिपि :–

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग (म.प्र. शासन) इन्दौर ।
2. माननीय कुलपतिजी के सचिव, दे.अ.वि.वि.,इन्दौर ।
3. विभागाध्यक्ष, कम्प्युटर सेन्टर, दे.अ.वि.वि., इन्दौर ।
4. समस्त प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालयों की ओर इस आशय के साथ कि संबंधित महाविद्यालयों को अवगत कराये।
5. प्रभारी, प्रयोगिक परीक्षा सेल दे.अ.वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ है कि उक्त कक्षाओं के अंक ऑनलाईन प्राप्त होने हेतु दिनांक 05/11/2024 तक लिंक खोली जावें।